प्र.सं. 115/2018 प्रार्थना पत्र 212 आरटीएक्ट
निर्मल सिंह बनाम मैलो उर्फ परमजीत कौर आदि

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी किए
04.01.2021	पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उपस्थित। वकील प्रार्थी ने अपनी बहस में कथन किया कि प्रार्थी व अप्रार्थी सं. 1 ता 3 के पिता व 4 के ससुर व 5 के नाना वलवन्त सिंह के नाम चक 4 जेकेएम तह. रायसिंहनगर के मु.नं. 16 प.नं. 172/373 के कि.नं. 12/2,13/1,18/1,19,20/2, 21/2,22 व 23/1 की 1.550है. कमाण्ड भूमि खातेदारी थी। बलवन्त सिंह का देहान्त हो चुका हैं। प्रार्थी की 1/5 हिस्सा भूमि विरास्तन हिस्सा में आती हैं, जिसका इंतकाल होना शेष हैं। जिस पर प्रार्थी का कब्जा काश्त हैं। उक्त भूमि प्रार्थी की पैतृक भूमि हैं। अतः प्रथम दृष्टया मामला एवं सुविधा का संतुलन प्रार्थी के पक्ष में हैं। अप्रार्थीगण उक्त भूमि को बेचने की फिराक में हैं। यदि अप्रार्थीगण अपने मकसद में कामयाब हो जाते हैं तो प्रार्थी को अपूर्णीय क्षति होगी। वकील अप्रार्थीगण 3–7 ने अपनी बहस में जवाब प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया कि विवादित रकबा पंजीकृत बैयनामा पूर्ण प्रतिफल अदा करते हुए बलवन्त सिंह के खरीद कर प्राप्त कर अपनी मृत्यू तक स्वयं काबिज काश्त रहे हैं। बलवन्त सिंह ने अपने पोते सुखजिन्द्र सिंह को विवादित भूमि की वसीयत दिनांक 29.06.2018 को करवा दी थी। प्रार्थी का उक्त भूमि में कोई हक अधिकार नहीं रह गया हैं। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी अस्वीकार किया जावे। बहस वकील उभयपक्ष पर मनन किया। पत्रावली का अवलोकन किया। अप्रार्थी सं. 7 द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र पेशा किया गया हैं। पंजीकृत वसीयत पेश की गयी हैं। वाद वर्णित सम्पत्ति प्रथम दृष्टया स्वार्जित प्रतीत होती हैं। अतः अप्रार्थी सं. 7 के हित संरक्षण हेतु अस्थाई निषेधाज्ञा दिया जाना न्यायोचित नहीं हैं। मूल वाद में हक आदि प्रश्न निश्चित होने हैं। ऐसी स्थिति में निषेधाज्ञा पारित किया जाना न्यायसंगत नहीं हैं। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी अस्वीकार किया जाकर न्यायालय द्वारा जारी अस्थाई निषेधाज्ञा दिनांक 26.09.2018 को निरस्त किया जाता हैं। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैंसले में शुमार होकर मूल वाद संलग्न रहे। Signature Not Verified Digitally signed by Arpita Soni Date: 2021.01.14 16:00:06 IST Reason: Self Attested (अर्पिता सोनी) उपखण्ड अधिकारी राजस्व रायसिंहनगर	

Scanned with CamScanner